**शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली**

**अभ्यास प्रश्न पत्र (मध्यावधि परीक्षा)**

**कक्षा-XI (2022-23)**

**विषय- राजनीति विज्ञान**

**अधिकतम अंक: 80** **अवधि: 3 घंटे**

**सामान्य निर्देश:-**

1. प्रश्न पत्र में कुल 31 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न पत्र में A, B और C कुल तीन खंड हैं। खंड A में योग्यता आधारित, खंड B में वस्तुनिष्ठ व खंड C में वर्णनात्मक प्रश्न दिये गए हैं।
3. खंड A में 1 से 5 तक केस स्टडी आधारित, स्रोत और कार्टून आधारित कुल 5 प्रश्न दिये गए हैं। इनके उत्तर निर्देशानुसार दीजिये।
4. खंड B में 6-21 तक कुल 16 वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
5. खंड C में वर्णनात्मक प्रकार के 22-31 तक 2, 4 और 6 अंकीय प्रश्न दिये गए हैं। 2 अंकीय प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में, 4 अंकीय प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में और 6 अंकीय प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए। मानचित्र से संबन्धित प्रश्न का उत्तर निर्धारित प्रारूप के अनुसार दीजिये।

| **प्र. सं.** | **खंड-ए (योग्यता आधारित प्रश्न)** | **अंक** |
|---|---|---|
| 1 | **प्रश्न संख्या 1-2 केस-स्टडी (Case Study Based) आधारित हैं। इनका ध्यानपूर्वक अध्ययन कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये-**<br><br>कानून की सामान्य प्रक्रिया में कोई भी व्यक्ति तभी अदालत जा सकता है जब उसका कोई व्यक्तिगत नुकसान हुआ हो। इसका मतलब यह कि अपने अधिकार का उल्लंघन होने पर किसी विवाद में फंसने पर कोई व्यक्ति इंसाफ पाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। 1979 से इस अवधारणा में बदलाव आया। 1979 में इस बदलाव कि शुरुआत करते हुए न्यायालय ने एक इसे मुकदमें की सुनवाई करने का निर्णय लिया जिसे पीड़ित लोगों ने नहीं बल्कि उनकी और से दूसरों ने दाखिल किया था। चूँकि इस मामले में जनहित से संबन्धित एक मुकदमे में विचार हो रहा था अत: इसे और ऐसे ही अन्य अनेक मुकदमों को जनहित याचिकाओं का नाम दिया गया। | 4x1=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | 1.1 कानून की सामान्य प्रक्रिया के तहत भारत में किसे अदालत जाने का अधिकार है?<br>A. केवल पुरुषों को<br>B. केवल महिलाओं को<br>C. केवल युवाओं को<br>D. सभी भारतीय नागरिकों को<br><br>1.2 पी. आई. एल. (PIL) का सही विस्तृत रूप क्या है?<br>A. प्राइवेट इन्टरेस्ट लिटिगेशन<br>B. पब्लिक इन्टरेस्ट लिटिगेशन<br>C. प्राइवेट इंटेलिजेंस लिटिगेशन<br>D. पब्लिक इंटेलिजेंस लिटिगेशन<br><br>1.3 पी. आई. एल. (PIL) की शुरुआत कब से मानी जाती है?<br>A. 1950<br>B. 1960<br>C. 1970<br>D. 1979<br><br>1.4 एस. ए. एल. (S.A.L) का सही विस्तृत रूप क्या है?<br>A. सोशल इन्टरेस्ट लिटिगेशन<br>B. सोशल एक्शन लिटिगेशन<br>C. सोशल आर्टिकल लिटिगेशन<br>D. सोशल एडवाइजरी लिटिगेशन | |
| 2 | दक्षिण अफ्रीका का संविधान 1996 में लागू हुआ। इसे तब बनाया गया और लागू किया गया जब रंगभेद वाली सरकार के हटने के बाद दक्षिण अफ्रीका गृह युद्ध के खतरे से जूझ रहा था। दक्षिण अफ्रीका के संविधान के अनुसार "उसके अधिकारों का घोषणा पत्र, दक्षिण अफ्रीका में प्रजातन्त्र की आधारशिला है। यह नस्ल, लिंग, धर्म, अंतरात्मा, आस्था, संस्कृति, भाषा और जन्म के आधार पर भेदभाव वर्जित करता है। संवैधानिक अधिकारों को एक विशेष संवैधानिक न्यायालय लागू करता है। | 4x1=4 |

| | | |
|---|---|---|
| | 2.1 दक्षिण अफ्रीका संविधान कब लागू हुआ?<br>A. 1995<br>B. 1996<br>C. 1998<br>D. 1999<br><br>2.2 दक्षिण अफ्रीका के संविधान का मूल रूप से निम्नलिखित में से कौन सा आधार है?<br>A. गणतन्त्र का आधार<br>B. प्रजातन्त्र का आधार<br>C. राजतंत्र का आधार<br>D. कुलीनतंत्र का आधार<br><br>2.3 दुनिया में संभवत: सबसे अधिक व्यापक अधिकार है-<br>A. अफ्रीका के नागरिकों को<br>B. भारत के नागरिकों को<br>C. दक्षिण अफ्रीका के नागरिकों को<br>D. दक्षिण कोरिया के नागरिकों को<br><br>2.4 दक्षिण अफ्रीका में संवैधानिक अधिकारों को लागू को लागू करने के लिए कौन सा न्यायालय बनाया गया है?<br>A. सर्वोच्च न्यायालय<br>B. उच्च न्यायालय<br>C. अधीनस्थ न्यायालय<br>D. संवैधानिक न्यायालय | |
| | **प्रश्न संख्या 3-4 स्रोत आधारित (Source Based) हैं। इनका ध्यानपूर्वक अध्ययन कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये-** | |
| 3 | राजनीतिक सिद्धांत राजनीतिक जीवन को अनुप्राणित करने वाले स्वतंत्रता, समानता, न्याय जैसे मूल्य के बारे में सुव्यवस्थित रूप से विचार करता है। अतीत और वर्तमान के कुछ प्रमुख राजनीतिक चिंतकों को केंद्र में रखकर इन अवधारणाओं की मौजूदा परिभाषाओं को स्पष्ट करता है। वर्तमान परिभाषाएँ कितनी उपयुक्त हैं और कैसे वर्तमान नीतियों के अनुपालन को अधिक लोकतान्त्रिक बनाने के लिए उनका परिमार्जन किया जाये। | |


| | | |
|---|---|---|
| | राजनीतिक सिद्धांत का उद्देश्य नागरिकों को राजनीतिक प्रश्नों के बारे में तर्कसंगत ढंग से सोचने और सामाजिक राजनीतिक घटनाओं को सही तरीके से आँकने का प्रशिक्षण देता है।<br>(i) वर्तमान में राजनीतिक सिद्धांत किन उद्देश्यों की प्राप्ति में योगदान देता है?<br>(ii) राजनीतिक सिद्धांत के प्रमुख मूल्यों को स्पष्ट कीजिये। | 3<br>3 |
| 4 | संविधान यह तय करता है की कानून कौन बनाएगा। कानून बनाने का अधिकार किसके पास होगा? संविधान सरकार द्वारा अपने नागरिकों पर लागू किए जाने वाले क़ानूनों की सीमा भी तय करता है। एक सभ्य समाज के लिए एक संविधान आवश्यक है। संविधान के माध्यम से ही किसी समाज के लिए एक सामूहिक इकाई के रूप में पहचान होती है। कुछ बुनियादी नियमों और सिद्धांतों पर सहमत होकर हम अपनी मूलभूत राजनीतिक पहचान बनाते हैं।<br>(i) संविधान और कानून में क्या संबंध है?<br>(ii) नागरिकों की राजनीतिक पहचान से क्या आशय है? | 3<br>3 |
| 5 | दिए गए कार्टून का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br><br>(i) नवीन राज्यों का गठन किन आधारों पर किया जा सकता है?<br>(ii) नए राज्यों का गठन किस प्रकार देश के लिए लाभप्रद हो सकता है? | 2<br>2 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड-बी (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**<br>**प्रश्न संख्या 6 से 21 तक दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दिये गए निर्देशोंनुसार दीजिये-** | |
| 6 | **प्रश्न संख्या 6 से 12 तक दिये गये बहु विकल्पीय प्रश्नों में एक सही विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर - पुस्तिका में लिखिए-**<br>संवैधानिक उपचारों के अधिकार के अंतर्गत कितनी प्रकार की याचिकाओं का जिक्र किया गया है?<br>A. दो<br>B. तीन<br>C. चार<br>D. पाँच | 1 |
| 7 | किस गैर-राजनीतिक क्षेत्र में राजनीति का प्रवेश नहीं हुआ है?<br>A. जीवन जीने का अधिकार<br>B. घरेलू जीवन में हस्तक्षेप<br>C. विदेश यात्रा<br>D. पर्यावरणीय क्षेत्र | 1 |
| 8 | भारत के संविधान में अब तक कितने संशोधन हो चुके हैं?<br>A. 101<br>B. 102<br>C. 103<br>D. 104 | 1 |
| 9 | गाँव के स्थानीय शासन से निम्नलिखित में से कौन-सा संशोधन संबंधित है?<br>A. 10वां<br>B. 50वां<br>C. 74वां<br>D. 73वां | 1 |
| 10 | परिसीमन आयोग का गठन कौन करता है?<br>A. प्रधानमंत्री<br>B. राष्ट्रपति<br>C. न्यायाधीश<br>D. उपराष्ट्रपति | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | वोट देने की आयु 21 वर्ष से कम कर 18 वर्ष कब की गयी?<br>A. 1982 में<br>B. 1998 में<br>C. 1999 में<br>D. 1989 में | 1 |
| 12 | राजनीति क्या है?<br>A. राजनीति शासन करने की कला है।<br>B. राजनीति प्रशासन संचालन के विवादों का हल प्रस्तुत करती है।<br>C. राजनीति जन कल्याण से संबंधित है।<br>D. राजनीति सरकार और राज्यों के बीच सम्बन्धों को स्पष्ट करती है। | 1 |
| | **प्रश्न संख्या 13 से 16 तक के दिये गये प्रश्नों में रिक्त-स्थान की पूर्ति कीजिये-** | |
| 13 | लोकतांत्रिक चुनाव में जनता--------------------देती है। | 1 |
| 14 | भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष ---------------------------------थे। | 1 |
| 15 | सभी राज्यों में पंचायती राज व्यवस्था का ढांचा -------------------------है। | 1 |
| 16 | अनुच्छेद 1 में भारत को----------------------------------कहा गया है। | 1 |
| | **प्रश्न संख्या 17 से 19 तक के दिये गये प्रश्नों का अध्ययन कर उत्तरपुस्तिका में सही अथवा गलत लिखिए-** | |
| 17 | भारत में स्वतंत्र निर्वाचन आयोग की स्थापना की गई है। | 1 |
| 18 | 42वां संशोधन वर्ष 1978 में किया गया। | 1 |
| 19 | स्थानीय निकायों के चुनाव के कारण निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों की संख्या महानगरों में कोई वृद्धि नहीं हुई। | 1 |
| | **प्रश्न संख्या 20-21 का उत्तर संक्षिप्त उत्तर लिखिए-** | |
| 20 | ग्राम पंचायत से आप क्या समझते हैं? | 1 |
| 21 | केंद्र सूची के किन्हीं दो विषयों को लिखिए।<br>अथवा | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | भारतीय संघवाद को किस नाम से जाना जाता है? | |
| | **खंड-सी (वर्णनात्मक प्रश्न)**<br>**दो अंकीय प्रश्न-** | |
| 22 | सामुदायिक विकास कार्यक्रम से आप क्या समझते हैं? | 2 |
| 23 | राजीतिक सिद्धांत को परिभाषित कीजिये। | 2 |
| 24 | स्थानीय स्वशासन की त्रि-स्तरीय संरचना क्या है? स्पष्ट कीजिये। | 2 |
| | **चार अंकीय प्रश्न-** | |
| 25 | न्यायपालिका की स्वतन्त्रता को संविधान द्वारा किस प्रकार सुनिश्चित किया गया है? ऐसे किन्हीं चार उपायों को लिखिए। | 4x1=4 |
| 26 | एकसदनीय व द्विसदनीय विधायिका में क्या अंतर है?<br>अथवा<br>संसद की संरचना को स्पष्ट कीजिये। | 4 |
| 27 | संघवाद की मुख्य विशेषताओं को लिखिए।<br>अथवा<br>अनुच्छेद 257 (1) का संबंध किससे है? | 4 |
| 28 | भारत के दिये गए मानचित्र में ए, बी, सी और डी से ऐसे चार राज्य दर्शाये गए हैं जहां द्विसदनीय विधानमंडल है। इनको पहचानकर अपनी उत्तरपुस्तिका में निम्नलिखित तालिका के रूप में लिखिए। | 4x1=4 |

| क्रम संख्या | संबन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| i | | |
| ii | | |
| iii | | |
| iv | | |




| | | |
|---|---|---|
| | **छह अंकीय प्रश्न-** | |
| 29 | भारत की चुनाव व्यवस्था में सुधार के लिए आप क्या सुझाव देंगे? सविस्तार लिखिए।<br>अथवा<br>भारतीय संसदीय चुनाव में कौन से चुनाव पद्धति अपनायी जाती है? व्याख्या कीजिये। | 6 |
| 30 | राष्ट्रपति के किन्हीं तीन विशेषाधिकारों का वर्णन कीजिये।<br>अथवा<br>मंत्रिपरिषद के प्रधान के रूप में प्रधानमंत्री की किन्हीं तीन भूमिकाओं का उल्लेख कीजिये। | 3x2=6 |
| 31 | संविधान निर्माण प्रक्रिया का वर्णन कीजिये।<br>अथवा<br>स्वतन्त्रता के मौलिक अधिकार का क्या महत्व है? | 6 |